14 korba-pg1_Layout 1 7/14/2025 11:35 PM Page 1

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

3 जर्जर सड़क से स्कूली बच्चे जान जोखिम डालकर पहुंचते हैं स्कूल



# एसईसीएल में शुरू हुई कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित डिस्पेंसरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला सशक्तीकरण की दिशा में पहल करते हुए एसईसीएल मुख्यालय स्थित वसंत विहार डिस्पेंसरी का कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित डिस्पेंसरी के रूप में औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अभिनव पहल का शुभारंभ एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के करकमलों से हुआ।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही इस पहल के अंतर्गत अब वसंत विहार डिस्पेंसरी की संपूर्ण ज़िम्मेदारी महिलाएँ निभाएंगी। इसमें चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट से लेकर अन्य सभी स्टाफ शामिल हैं। डिस्पेंसरी की कमान संभालने वाली 14 सदस्यीय महिला टीम में 5 डॉक्टर, मैट्रन, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट आदि शामिल हैं। यह

## मुख्यालय बिलासपुर स्थित बसंत विहार डिस्पेंसरी की कमान संभालेंगी महिलाएं



हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित डिस्पेंसरी की शुरुआत एसईसीएल में हुई है। माननीय कोयला मंत्रीजी का विजन है कि कोयला क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया जाए और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान किए जाएं। यह पहल उसी दिशा में हमारा एक सार्थक प्रयास है, और हम आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखेंगे। निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा महिलाओं को समान अवसर देने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। वसंत विहार डिस्पेंसरी की यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम है। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. (श्रीमती) प्रतिभा पाठक, सीएमएस डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा, डिप्टी-सीएमएस डॉ. अरिहंत जैन, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघों के प्रतिनिधि एवं अनेक अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और संवेदनशीलता बढ़ाने का कार्य करेगी, बल्कि कोयला उद्योग में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को भी एक नया मंच प्रदान करेगी।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### रेडी टू ईट संचालन हेतु चयनित प्रतिक्षा सूची में त्रुटि सुधार

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पसान अंतर्गत रेडी टू ईट संचालन के लिए समूहों से परियोजना पसान अंतर्गत 19 मई को जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह करीं एवं 20 मई को मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह बैरा द्वारा दावा प्रस्तुत किया गया। उक्त समूहों से प्राप्त दावा/आपत्तियों का निराकरण पश्चात समिति द्वारा अंतिम एवं प्रतिक्षारत सूची तैयार कर मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह बैरा को चयनित एवं जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह को प्रतिक्षारत किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया उपरोक्तानुसार चयनित पत्रक के नीचे टीप में महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार आदर्श महिला स्व सहायता समूह खिरटी को चयनित किया जाता है का लेख टंकण त्रुटिवश हो गया है जिसे सुधार कर आदर्श महिला स्व सहायता समूह खिरटी के स्थान पर मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह बैरा पढ़ा जाए।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु आवेदन 23 तक

**कोरबा।** शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में संचालित व्यवसाय कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, हिन्दी स्टेनोग्राफी स्युईंग टेक्नालाजी (कटिंग टेलरिंग) एनसीव्हीटी, एवं एससीव्हीटी स्युईग टेक्नालाजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इच्छुक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थी 23 जुलाई तक आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक अपने स्तर अथवा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से विभागीय वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण की इस वेबसाइट पर प्रवेश विवरणिका, सत्र 2025 से प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य जानकारी उपलब्ध है। अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए छत्तीसगढ़ द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया हुआ स्थायी जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

### पेंशन हितग्राही एप्प के माध्यम से करा सकते हैं वेरीफिकेशन

**कोरबा** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन के हितग्राहियों के वार्षिक सत्यापन हेतु सत्यपान ऐप एक ऐसा एप्लिकेशन है जिसका उपयोग भारत सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के द्वारा ई-केवाईसी सत्यापन के लिए किया जाना है। यह ऐप, आधार-सक्षम प्रमाणीकरण का उपयोग करके, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के पेंशन हितग्राहियों के सत्यापन को सरल बनाने के लिए किया गया है। वे एंड्रायंड मोबाईल फोन के प्ले स्टोर में जाकर एप्प उपलब्ध है, जिसको आप अपने मोबाईल फोन पर इंस्टाल कर सकते हैं। विभिन्न पेंशन हितग्राहियों का बैंक में आधार लिंक नहीं होने व बैंक खाता बंद होने के कारण उनकी पेंशन वापस हो रही है, हितग्राहियों को समय पर पेंशन प्राप्त हों, उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस हेतु आयुक्त ने जोन कमिश्नरों व जोन के उप प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें बताएं कि वे सत्यपान ऐप के माध्यम से हितग्राही जोन कार्यालय पेंशन शाखा में उपस्थित होकर सत्यापन करा लें।

## समूह के चयन के बाद अटका है केंद्रों में पोषण आहार की आपूर्ति का काम

# नौनिहालों का रेडी टू ईट कार्यक्रम नहीं हुआ शुरु, किसी भी परियोजना में नहीं लगी मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंगनबाड़ी केंद्रों के नौनिहालों के लिए राज्य सरकार के द्वारा पूरक पोषण कार्यक्रम रेडी टू ईट दो माह बाद शुरु नहीं हो सका है। विभाग के द्वारा केवल समूह का

**खास बात**
- 83 स्व सहायता समूहों के मिले थे आवेदन, 10 समूहों का हुआ चयन

चयन प्रक्रिया ही इस अवधी में पूरी की गई है। आगे की सप्लाई का काम अब तक किसी भी समूह के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में नहीं किया गया है। किसी परियोजना अंतर्गत किसी भी समूह ने मशीन नहीं लगाई है।

गर्भवती महिलाओं और घर में रहने वाले तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए तथा आंगनबाड़ी केंद्र आने वाले बच्चों के लिए दिए जाने वाला रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार का इंतजार पिछले तीन माह से आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों और महिलाओं का बना हुआ है। इसके लिए अप्रैल में राज्य सरकार से मिले दिशा निर्देशों के तहत स्व सहायता समूहों का चयन किया गया जो जून माह में पूरा किया गया। समूहों को चयन करने के बाद अभी भी चयनित समूहों के द्वारा जिले के 2650 आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार की सप्लाई शुरु नहीं की गई है। समूह का चयन करने के बाद विभाग अपने कार्य की इतिश्री कर लिया है और पूरा दारोमदार चयनित समूहों पर छोड़ दिया है। विभागीय सूत्रों की मानें तो अभी केवल समूह चयन का काम किया गया है। पूरक पोषण सप्लाई का काम समूहों को वर्कआर्डर देना की प्रक्रिया चल रही है।



फाइल फोटो

**एक परियोजना के लिए एक समूह का चयन**

आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार कार्यक्रम संचालित करने हेतु पंजीकृत स्वसहायता समूह से आवेदन मंगाए गए थे। उक्त समूहों के चयन में किस तरह की तकनीकी गड़बड़ियां की गई उसको लेकर लगातार हुई शिकायतें आम हो चली हैं। कार्यवाही के नाम पर विभाग नियम व शर्तों का हवाला दे रहा है। विभाग अंतर्गत संचालित दस परियोजनाओं के लिए एक एक समूह चयनित किया गया है।

**समूहों का चयन हुआ**

रेडी टू ईट पूरक पोषण आहर के लिए 83 समूहों के आवेदन आये थे इसमें दस समूहों का चयन प्रक्रिया हुई है। समूहों को अपने परियोजना अंतर्गत मशीन लगाना होगा और अभी यह प्रक्रियाधीन है।

-गजेंद सिंह,
महिलाबाल विकास अधिकारी

**एक समूह 20 से 30 केंद्रों को सप्लाई करेगा**

चयनित समूह एक परियोजना के अंतर्गत आने वाले 20 या उससे अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को रेडी टू ईट कार्यक्रम के तहत पूरक पोषण आहार की सप्लाई करेगा और एक केंद्र में 25 से 30 बच्चे दर्ज रहते हैं। जो आंगनबाड़ी केंद्र आते हैं। इन बच्चों को केंद्र में ही पका हुआ भोजन दिया जाता है तथा आंगनबाड़ी नहीं आने वाले 3 वर्ष से कम बच्चों के लिए रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार दिया जाता है।

**लगाना पड़ेगा मशीन**

शासन द्वारा जारी नियम शर्तों के तहत प्रत्येक परियोजना के लिए चयनित स्व सहायता समूहों को रेडी टू ईट पूरक पोषण आहर बनाने के लिए परियोजना क्षेत्र अंतर्गत लघु औद्योगिक इकाई की मशीन लगाना पड़ेगा और अब तक किसी भी समूह में अपने चयनित परियोजना के अंतर्गत मशीनें नहीं लगाई है। इस कारण रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार तैयार नहीं हो रहा है। यही कारण है कि किसी भी केंद्र में सप्लाई नहीं हो रही है।

# शहर की सुंदरता पर ग्रहण, लोहे की रेलिंग को तोड़कर कबाड़ चोर फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा शहर की सुंदरता के लिए आईटीआई से घंटाघर चौक तक एवं शहर के अन्य हिस्सों में सड़क के एक और बाउंड्री वॉल बनाया गया था, जिसमें लाखो रुपये के लोहे की रेलिंग लगाई गई थी लेकिन निर्माण के कुछ महीनो बाद ही इन पर कबाड़ियों की नजर पड़ गई और हालात ये हैं कि शहर के सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए लोहे की रेलिंग, दीवारों के हिस्से और अन्य धातु सामग्री तक सुरक्षित नहीं हैं। कबाड़ी रात के अंधेरे में कीमती सामान उखाड़कर ले जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सुभाष चौक से लेकर कोसाबाड़ी तक सड़क के किनारे लगी रेलिंग की चोरी हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कबाड़ियों की इन हरकतों से न सिर्फ शहर की सुंदरता पर आंच आ रही है बल्कि लोगों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। समस्या की सबसे बड़ी वजह प्रशासन की ढिलाई और अनदेखी मानी जा रही है। स्थानीय लोगों ने मांग करी हैं कि नगर पालिक निगम और जिला प्रशासन कबाड़ियों पर सख्त कार्यवाही करें। सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि चोरी करने वालों की पहचान की जा सके।

इसके अलावा लोगों को जागरूक कर उनके लिए शिकायत दर्ज कराने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। कबाड़ चोरों के बुलंद हौसले देखकर ऐसा प्रतीत होता हैं कि वे नगर निगम आयुक्त, जिला प्रशासन, सहित प्रदेश प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं कि आप जितनी तेजी से बनाओगे उतनी ही तेजी से हम बिगाड़ेंगे। अब एक सवाल यह भी उठता है कि जब शहर में अवैध कबाड़ की खरीदी बिक्री बंद है तो फिर इतने बड़े पैमाने पर लोहे की रेलिंग की चोरी कर कौन बेच रहा है क्या उसे शासन प्रशासन की मदद मिल रही है क्या किसी को दिखाई नही देता है।

# एसईसीएल से जुड़े ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी, कई दस्तावेज जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग ने सोमवार सुबह एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। यह छापेमारी दक्षिण पूर्व कोलफील्ड्स लिमिटेड से जुड़े टैक्स चोरी के मामलों की जांच के तहत की गई है। बिलासपुर, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी सहित कई स्थानों पर एक साथ रेड डाली गई है। सुबह करीब 8 बजे इनकम टैक्स की टीमें चिरमिरी के पोड़ी नवापारा स्थित एसईसीएल की ओपनकास्ट खदान के मैनेजर रविशंकर चक्रधारी और मनेंद्रगढ़ के चार्टर्ड अकाउंटेंट मनीष गुप्ता के घर पहुंचीं। चार गाड़ियों में आई टीम ने दोनों ठिकानों को चारों तरफ से घेरकर दस्तावेजों की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के अलावा बिलासपुर में भी आधा दर्जन से अधिक ठिकानों पर कार्रवाई की गई है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ये छापेमारी टैक्स चोरी की शिकायतों के आधार पर की गई है। फिलहाल आयकर विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अधिकारी जांच पूरी होने तक मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं और किसी भी तरह की जानकारी देने से परहेज कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि आयकर विभाग को कुछ अहम दस्तावेज और डिजिटल डिवाइसेज़ मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। आने वाले दिनों में इस छापेमारी को लेकर और खुलासे हो सकते हैं।

# इंटक नेता गोपाल ने थामा एटक का दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा

कोयला क्षेत्र में सक्रिय श्रमिक संगठनों की सदस्यता अभियान के बीच सोमवार को गेवरा क्षेत्र में

**खास बात**
- एसकेएमएस ने आयोजित किया कार्यकर्ता सम्मेलन

आयोजित एस.के.एम.एस. (एटक) के कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला। इंटक के पूर्व अध्यक्ष और कोयला क्षेत्र के जमीनी नेता गोपाल यादव ने अपने साथियों के साथ इंटक छोड़कर एटक की सदस्यता ग्रहण की।



कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित श्रमिक संगठन के सदस्य।

एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यकर्ता सम्मेलन में विशेष रूप से एस.के.एम.एस. (एटक) के केंद्रीय महामंत्री कामरेड अजय विश्वकर्मा उपस्थित रहे। सम्मेलन में गेवरा क्षेत्र के सम्मानित सदस्य, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। गोपाल यादव का बड़ा फैसला, एटक को मिलेगा मज़बूती। गोपाल यादव लंबे समय से कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और इंटक के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी मजबूत पकड़ बनाई थी। कोयला क्षेत्र के जमीनी नेता होने के कारण श्रमिकों के बीच उनकी अच्छी खासी पैठ रही है। अब उनके एटक से जुड़ने से संगठन को नई ताकत और दिशा मिलने की संभावना जताई जा रही है। कार्यकर्ता सम्मेलन में श्री यादव ने कहा कि वे एटक के विचारों और कार्यशैली से प्रभावित होकर संगठन में शामिल हो रहे हैं और भविष्य में श्रमिक हितों की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। कोयला क्षेत्र में इस ⏭ शेष पेज 3 पर

## ग्रामों के जारी नक्शा शीटों, खसरों पर दावा आपत्ति आमंत्रित

# चार अनसर्वेड ग्रामों के नक्शों का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला में असर्वेक्षित ग्रामों का राजस्व सर्वेक्षण का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिसके तहत राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील अजगरबहार अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 4 ग्राम विश्रामपुर, पटवारी हल्का नंबर 9 ग्राम कुटूरवां, पटवारी हल्का नंबर 9 ग्राम अरसेना एवं राजस्व निरीक्षक मंडल पसरखेत तहसील भैंसमा अंतर्गत

पटवारी हल्का नंबर 11 ग्राम केरवां से प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत किसी प्रकार की दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने से अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही हेतु उद्घोषणा किया जाना है। सर्वेक्षण कार्य एजेन्सी आईआईटी रुड़की द्वारा अंतिम प्रकाशन हेतु तहसील अजगबहार अंतर्गत ग्राम विश्रामपुर के 3 नक्शा शीट, कुटूरवां के 2 नक्शा शीट, ग्राम अरसेना के 4 नक्शा शीट एवं ग्राम केरवां के 2 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। संबंधित नक्शा शीटों का भौतिक सत्यापन राजस्व सर्वेक्षण दल द्वारा कराकर नक्शा व खसरा तैयार किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार अभिलेख खसरा व नक्शा भू-धारकों के अवलोकन हेतु संबंधित ग्रामों के पंचायत भवन में कार्यालयीन अवधि में उपलब्ध रहेगा। उक्त संबंध में हल्का पटवारी द्वारा तैयार किए गए नक्शा शीटों एवं खसरों पर दावा आपत्ति आमंत्रित है। किसी भी व्यक्ति या संस्था को तैयार किए गए नक्शा शीटों पर आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से आगामी 15 दिवस के भीतर लिखित/ मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत भवन में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।




अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

14 korba-pg2_Layout 1 7/15/2025 12:18 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में महिला नाबालिग सहित 8 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** मारपीट कर युवक की हत्या करने के बाद लाश डबरी में फेंकने वाले महिला नाबालिग सहित 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 12 जुलाई की शाम लापता नयापारा गणेश नगर निवासी कैलास ध्रुव की एक मकान के पीछे डबरी में लाश मिली थी। जांच में खुलासा हुआ कि छेड़खानी को लेकर कुछ लोगों के द्वारा उसके साथ मारपीट की गई थी। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद गणेश नगर नयापारा निवासी धर्मेन्द्र पात्रे उर्फ पुकलू पिता बुधवार दास पात्रे 28 साल, उसके भाई जयंत पात्रे उर्फ कोंदा 30 साल, रितु पात्रे 18 साल, अजय दास पात्रे 34 साल, मनीषा केसकर पिता स्व. भूषण प्रसाद केसकर 32 साल, करन नवरंग उर्फ परेवा पिता किशनलाल नवरंग 25 साल, उसका भाई काजू नवरंग 22 साल व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

### बच्चों के लिए आंकलन शिविर 21 से

**बिलासपुर।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिन्हांकन, आवश्यक उपकरण एवं उपचार का आकंलन एवं प्रमाणीकरण के लिए 21 जुलाई से 29 जुलाई तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकासखण्ड स्तरीय शिविर के तहत विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र मस्तूरी में 21 जुलाई, कोटा में 22 जुलाई, तखतपुर में 23 जुलाई को शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार बिल्हा ग्रामीण एवं शहरी के लिए 25 जुलाई को पंडित देवकीनंदन दीक्षित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर में एवं समस्त विकासखंड के लिए 29 जुलाई को पंडित देवकीनंदन दीक्षित कउमावि बिलासपुर में जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर निर्धारित तिथि को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र, नवीनीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किए जाएंगे।

### आईटीआई नेवरा में प्रवेश के लिए पंजीयन 16 से

**बिलासपुर।** शासकीय आईटीआई नेवरा में प्रवेश सत्र 2025-26 में संचालित एकवर्षीय कोपा में एवं शासकीय आईटीआई कोटा में द्विवर्षीय व्यवसाय फिटर व इलेक्ट्रीशियन एवं एकवर्षीय व्यवसाय कोपा व स्टेनो (हिंदी) में प्रवेश के लिए 16 से 23 जुलाई तक पुनःआवेदन करने रजिस्ट्रेशन पोर्टल खुला है। प्रवेश के लिए इच्छुक आवेदक स्वयं अथवा किसी भी लोक सेवा केंद्र के माध्यम से वेबसाइट cgiti.admissions.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### रोजगार पंजीयन को आधार से लिंक करवाना जरूरी

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बिलासपुर में रोजगार पंजीयन ऑनलाइन वेबसाइट erojgar.cg.gov.in अथवा प्ले स्टोर पर उपलब्ध छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से अथवा कार्यालय में समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर करवाया जा सकता है। वर्तमान में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बिलासपुर में रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवाना अनिवार्य है। वर्ष 2024 के पूर्व कार्यालय में पंजीकृत आवेदकों से कहा गया है कि वे किसी भी दिन कार्यालय में उपस्थित होकर अपने रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करवा सकते हैं।

### डॉ जोगी बनाए गए अर्बन बीएमओ

**बिलासपुर।** लंबे समय से सिम्स के एआरटी सेंटर में जमे डॉ रक्षित जोगी को आगामी आदेश तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अर्बन बीएमओ का दायित्व सौंप दिया है। दरअसल डॉ रक्षित जोगी की पदस्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा में की गई थी,चिकित्सा अधिकारी होने के बावजूद उन्हें सिम्स में एआरटी सेंटर सौंपा गया था। इसे लेकर कई बार सीएमएचओ को शिकायत भी मिलती रही। तत्कालीन सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने उनका ट्रांसफर तक कर दिया था।

---

**बार-बार बुलाने से हलाकान हुआ अंबिकापुर निवासी** | प्रमाणपत्र के लिए पौने दो महीने में चार बार दी जा चुकी है पेशी

# बेटी के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए दो महीने से सिम्स के चक्कर काट रहा पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार संस्थागत मामलों में मृत्यु के एक सप्ताह के भीतर परिजन को मृतक का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी हो जाना चाहिए, इसके विपरीत सिम्स के रजिस्ट्रार, जन्म एवं मृत्यु विभाग द्वारा कैंसर से मृत बेटी के पिता को बीते पौने दो महीने से मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए चक्कर लगवाया जा रहा है।

- सात दिन के अंदर मिलना था प्रमाण पत्र

पीड़ित व्यक्ति अंबिकापुर निवासी है, जिसे मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए पौने दो महीने में चार बार पेशी दी जा चुकी है, लेकिन प्रमाणपत्र नहीं दिया जा रहा। अंबिकापुर निवासी सुरेश कुमार धुरी की बेटी कु. सुमन धुरी को कैंसर की शिकायत होने के कारण सिम्स में भर्ती किया गया था, जहां 23 मई 2025 को उसने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चूंकि बच्ची की मौत शासकीय अस्पताल में हुई थी, जिससे शासन के नियमों के अनुसार सात दिवस के भीतर परिजन को प्रमाणपत्र जारी किया जाना था। पिता द्वारा प्रमाणपत्र के लिए 3 जून को सिम्स से संपर्क किया गया, लेकिन उसे 12 जुलाई को आने की बात कही गई। इधर 12 जुलाई को फिर सिम्स जाने पर उसे 20 अगस्त को आने की बात कहकर चलता कर दिया गया। मृतिका का पिता अंबिकापुर निवासी है, जो मजदूरी करके अपना व परिवार की आजीविका चलाता है। सिम्स प्रशासन द्वारा बार-बार बुलाने व अंबिकापुर से बार-बार प्रमाणपत्र के लिए आने के कारण मानसिक रूप से परेशान भी हो चला है।

इस संबंध में उसने 14 जुलाई को जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग से भी संपर्क किया था, जिस पर विभाग के अधिकारियों ने न केवल सिम्स के रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु पर नाराजगी जाहिर की, बल्कि समन्चय स्थापित कर अतिशीघ्र प्रमाणपत्र जारी करने के निर्देश भी दिए।

### दो माह बाद जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग से अनुमति

बच्ची की मौत के बाद अस्पताल से शव बाहर निकलने के पहले ही सिम्स प्रशासन द्वारा पीला प्रपत्र भरवाया गया था। इसी के आधार पर संबंधित को मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किया जाना था। संबंधितों से पीला प्रपत्र भरवाए जाने का सीधा अर्थ है कि रजिस्ट्रार तक बच्ची की मृत्यु की जानकारी उसी दिन पहुंचाई जा चुकी थी। इस आधार पर एक सप्ताह के भीतर इन्हें ही प्रमाणपत्र जारी कर देना चाहिए था। इसके विपरीत सिम्स के रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु द्वारा सिम्स से प्रमाणपत्र जारी करने की बजाए करीब पौने दो महीने बाद 14 जुलाई को जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग से प्रमाणपत्र के लिए अनुमति मांगी जा रही है।

### सात दिनों में देना चाहिए प्रमाणपत्र

सारे शासकीय अस्पताल संस्थागत की श्रेणी में आते हैं। यहां रजिस्ट्रार को सूचना प्राप्ति के सात दिवस के भीतर मृतक के परिजन को अनिवार्य रूप से मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करना होगा। निर्धारित अवधि में प्रमाणपत्र जारी नहीं होने की दशा में जवाबदेही पूरी तरह रजिस्ट्रार की होगी।

-**अतुल कुमार,** सहायक संचालक एवं प्रभारी रजिस्ट्रार, जिला जन्म एवं मृत्यु विभाग

---

सोमवार शाम को भी आधे घंटे तक फंसे रहे लोग, एंबुलेंस भी नहीं निकल सकी

# 13 करोड़ की स्वीकृति, जगह की कमी ने रोका बृहस्पति बाजार मल्टीलेवल मार्केट का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल मार्केट बनाने का मामला अटक गया है। इसे पहले मिशन अस्पताल परिसर में बनाने की बात थी लेकिन वह मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। इसके अलावा निगम के पास और कोई दूसरी जगह करीब में नहीं है। खास बात है कि इस सब्जी मार्केट के लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) फंड से 13 करोड़ 39 लाख रुपए स्वीकृत भी हो गए। ठेका प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी। इसके बाद लेकिन मामला रुक गया। फिलहाल यहां हमेशा ही जाम लगा रहता है। खास तौर पर शाम को तो निकलना मुश्किल हो जाता है। सोमवार शाम को भी यही स्थिति थी और आधा घंटे तक लोग अपनी जगह से हिल नहीं सके। एक एंबुलेंस भी काफी देर तक फंसी रहा।

- पार्किंग की व्यवस्था नहीं, सड़क पर ही वाहन खड़ा करते हैं लोग

बृहस्पति बाजार शहर का प्रमुख सब्जी बाजार है। यहां सुबह से भीड़ लग जाती है। पार्किंग की कोई खास व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर ही लोग गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। सब्जीवाले भी सड़क पर सब्जी बेचते हैं। इसके साथ ही फलवालों के ठेले भी सड़क को घेर लेते हैं। इसकी वजह से हमेशा जाम की स्थिति रहती है। यहां फल ठेले वालों के लिए भी कोई जगह सुनिश्चित नहीं है। इसकी वजह से उन्हें सड़क पर ठेले लगाने पड़ते हैं। बृहस्पति बाजार होने की वजह से उन्हें भी यहां पर फल ठेला लगाना होता है। छत्तीसगढ़ स्कूल चौक से फल ठेला लगने लगते हैं, जो मिशन स्कूल होते हुए देवकीनंदन स्कूल तक लगते हैं।



बृहस्पति बाजार में रोजाना लगता है जाम।

### ग्राउंड फ्लोर पर बनेंगे 242 चबूतरे

बृहस्पति बाजार पुनर्विकास योजना के तहत नगर निगम बाजार स्थल पर एक मंजिला भवन तैयार करेगा। इसके ग्राउंड फ्लोर पर 250 दुकानदारों को चबूतरे उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा सब्जी विक्रेता अपना कारोबार कर सकें। फर्स्ट फ्लोर पर थोक विक्रेताओं के लिए 66 दुकानें उपलब्ध कराई जाएंगी। बाजार में टॉयलेट और पीने के पानी की भी सुविधा रहेगी। वर्तमान में इसका अभाव है। वर्तमान में जिस चबूतरें पर व्यापारी सब्जी का व्यवसाय कर रहे हैं, उसका आकार छह बाई आठ का है जबकि नए चबूतरे 7 बाई 10 के होंगे। इसके अलावा प्रत्येक चबूतरे के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी मिलेगा। यहां व्यापारी अपना सामान रख सकेंगे। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में 50 कार और 170 बाइक एक समय में पार्क किया जा सकेगा। नए भवन में लिफ्ट, सीढ़ी, पानी की सुविधा और आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम तैयार किया जाएगा।

### सर्वसुविधायुक्त होगा नया मार्केट

मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें हैं। हालांकि चिल्हर में सब्जी बेचने वालों की संख्या 600 से ज्यादा है। ऐसे में इन्हें बाजार के बाहर सड़क किनारे अस्थायी सब्जी दुकान लगानी पड़ती है। ऐसे भी सब्जी बेचने वाले हैं, जिन्हें दुकान लगाने के लिए जगह तक नहीं मिल पाती, ऐसे में इन्हें फेरी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सब्जी खरीदने पहुंचने वालों को भी अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। इस तरह की दिक्कतों को देखते हुए ही डीएमएफ फंड से मल्टी लेवल सब्जी बाजार निर्माण का निर्णय लिया गया है।

### दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा

ध्यान रहे कि बृहस्पति बाजार की डिजाइन तैयार करने के लिए नागपुर के बुधवारी बाजार महल मार्केट के रिडेवलपमेंट स्कीम का सहारा लिया गया है। योजना का डीपीआर शासन द्वारा निर्धारित पिल्लीवार एसोसिएट्स रायपुर ने तैयार किया है। इसमें दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा रहेगी। साथ ही महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग वाशरूम होंगे। एक तरह से यह सुपर मार्केट या माल की तरह रहेगा। दावा है कि गर्मी और वर्षाकाल में भी व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को राहत रहेगी। थोक मार्केट भी यहीं होने से चिल्हर विक्रेताओं को भाग दौड़ से मुक्ति मिलेगी।

### तकनीकि कारणों से रुका है काम

बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल मार्केट बनाने की योजना पर काम जारी है। इसके लिए जिला खनिज न्यास से राशि भी मिल गई है। कुछ तकनीकि कारणों से काम रुका है। जल्द ही बाजार बनाने का काम शुरू होगा।

- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

---

# एक साथ 4 युवतियों की तबियत बिगड़ी, 1 की मौत, मचा हड़कंप



अस्पताल में भर्ती युवतियां।

**बिलासपुर।** बाहर से आकर शहर में काम करने वाली 4 युवतियों की एक साथ तबियत खराब होने व एक की मौत होने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती युवतियों का बयान लिया है। सभी ने उल्टी दस्त होने से बीमार होना बताया है।



मृतका।

शुक्रवार की शाम सिरगिट्टी क्षेत्र में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली 4 युवतियां बीमारी हो गई थीं। अस्पताल ले जाने पर अनूपपुर कदमसरा निवासी प्रियंका सिंह पिता अर्जुन सिंह की मौत हो गई। वहीं अंजली, ज्योति सिंह व एक अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतका के पिता से पूछताछ की तो उसने बताया, यहां काम करने के दौरान उसकी तबियत खराब हो गई थी। पूर्व में भी उसकी तबियत खराब हुई थी। मृतका की रूममेट संतोषी सिंह ने बताया, प्रियंका सेंटर में काम कर रही थी। तबियत खराब होने पर वह उसे रूम लेकर आई। कुछ भी खाने में उसे उल्टी हो रही थी। चक्कर आने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए थे। इसी तरह अंजली, त्योति सिंह ने भी बताया, उन्हें उल्टी दस्त की शिकायत हो रही थी। बहरहाल शनिवार को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलास हो पाएगा।

### बड़ी संख्या में बाहरी युवतियां रह रही हैं

स्थानीय लोगों का कहना है सिरगिट्टी गोविंदनगर में लंबे समय से चार लोगों के द्वारा एक निजी कंपनी चलाई जा रही है। जहां बड़ी संख्या में 18 से 19 साल की लड़की कंपनी में सेल्समैन का काम कर रही हैं। कंपनी के द्वारा उन्हें रहने के लिए मकान उपलब्ध कराया जाता है। वेतन के रूम पर उन्हें कम रकम दी जाती है। कंपनी के लोगों के द्वारा बाहर से लड़कियों को लाकर शोषण कर प्रताड़ित किया जाता है।

### जांच की जाएगी

निजी कंपनी की जांच की जाएगी। उन्होंने कंपनी चलाने के लिए शासन से अनुमति ली है कि नहीं, नियमानुसार कार्य नहीं होने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-**निमितेश सिंह परिहार**, सीएसपी

---

# एक ही रात 5 मकानों व 1 दुकान का टूटा ताला

**मोपका विवेकानंद रेसीडेंसी, अशोक नगर में हुई वारदात**

**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने सरकण्डा क्षेत्र में आतंक मचाते हुए 5 सूने मकानों व एक दुकान का ताला तोड़कर चोने चांदी के जेवर व नकद पार कर दिया।

सरकण्डा विवेकानंद रेसीडेंसी चिल्हाटी निवासी घनश्याम कुमार पिता मोती लाल सिंह ने बताया, 14 जुलाई की सुबह 6.30 बजे वे कालोनी में टहल रहे थे। उन्होंने देखा कि कालोनी में नितेश रंजन के मकान का दरवाजा खुला हुआ था। वे लेखराम पलेरिया एवं मनमोहन प्रसाद गुप्ता के साथ जाकर देखे तो उनके घर के दरवाजे का कुंदा कटा हुआ था। अंदर में सामान बिखरे पड़े थे और तीन आलमारी टूटी हुई थी। उन्होंने मकान मालिक को फोन से चोरी की जानकारी दी। मकान मालिक श्री रंजन ने बताया कि वे 5 जुलाई से बिहार में हैं। आलमारी में 50 हजार रुपए नकद व बहुत सारे कीमती जेवर रखे थे, मकान मालिक के लौटने के बाद चोरी गए सामान का आंकलन हो पाएगा। घनश्याम कुमार ने बताया, उनकी कालोनी में बी 24 रौशन सिंह, ए/ 9 असलम खान, बी 10 बीपी सिंह, गायत्री होम्स में श्री साहू के सूने मकानों में कुंदा काटकर चोरी की गई है। सभी मकान मालिक बाहर गए हुए हैं, उनके लौटने के बाद चोरी गए सामानों का आंकलन हो पाएगा।

- लाखों के जेवर नकद चोरी



चोरी के बाद घर का बिखरा सामान।

### पूर्व में नाइट गाउन गिरोह में मचाया था आतंक

पूर्व में 25 मई को मोपका क्षेत्र के गणेश वैली कालोनी के एक मकान व एक अन्य कालोनी के 2 मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिए थे। सीसीटीवी फुटेज में 6 लोग नजर आ रहे थे। उसके बाद उसी गिरोह के द्वारा देवरीडीह क्षेत्र के तीन मकानों व मस्तूरी जयरामनगर में नाइट ग्राउन व मुखौटा लगाकर जयरामनगर स्थित संजय ज्वेलर्स से 2 लाख 40 हजार के जेवर चोरी किया गया था। 2 माह बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### मेडिकल दुकान में भी चोरी

अशोकनगर एकता कालोनी निवासी उमाशंकर प्रसाद पिता फागूराम बरगाह मेडिकल दुकान चलाते हैं। 13 जुलाई की रात 10 बजे दुकान बंदकर घर लौट गए थे। 14 जुलाई को सुबह 8 बजे दुकान गए तो शटर हल्का खुला हुआ था और हुक निकला हुआ था। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त थे। गल्ले में रखे 25 हजार रुपए की चोरी हो गई थी।

एक रात में 5 मकानों में चोरी की वारदात से कालोनी में दहशत को महौल है। सूचना पर पुलिस मकानों का मुआयना कर लौट गई है। पुलिस ने घनश्याम कुमार की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

---

# सूने मकान में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार, जेवर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसीसीयू टीम ने सूने मकान में चोरी करने वाले दो युवको को पकड़कर जेवर बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

सिरगिट्टी मन्नाडोल तिफरा खुशी बिहार कालोनी निवासी ईश्वरी ध्रुव पति राजकुमार ध्रुव 32 साल 9 जुलाई को सुबह 11 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ उज्जैन महाकलेश्वर सिहोर दर्शन करने चली गई थी। 12 जुलाई को दोपहर 3 बजे वापस आई तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो आलमारी का लाकर टूटा था और सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी से 8 जोड़ी पायल, दो चांदी का चेन, 8 जोड़ी बिछिया, चांदी की साड़ी पिन, 6 चांदी का सिक्का, 6 पीतल का सिक्का, एक चांदी का चम्मच, 5 सोने का लाकेट, मोती माला, 11 सोने का



मनचली पत्ता, मंगलसूत्र चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस चोरो के पतासाजी में जुट गई है। एसीसीयू टीम ने मुखबिर की सूचना पर पवन श्रीवास पिता गौतम श्रीवास 32 साल इमलीभाठा सरकण्डा, संजय सोनी उर्फ बिल्ली पिता गणेश सोनी 28 साल दैहानपारा कोनी निवासी को पकड़कर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने ईश्वरी ध्रुव के सूने मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर चोरी गई 80 हजार के जेवर बरामद कर कार्रवाई के लिए सिरगिट्टी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने जेवर जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### खरीददारों को छोड़ दिया

सूत्रों के मुताबिक, दोनों युवकों ने चोरी के जेवर कोटमी सोनार के दो तीन लोग व मध्यनगरी के एक चाट ठेला वाले के पास बेच दिया है। एसीसीयू टीम ने जेवर खरीदने वाले सभी लोगों को पकड़कर कार्यालय लेकर गई। उनसे जेवर बरामद करने के बाद सांठगाठ कर बिना कार्रवाई के खरीददारों को छोड़ दिया गया है।

---

# पट्टा वितरण को लेकर ग्राम सचिव से मारपीट, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मछली पालन करने तालाब का वितरण को लेकर कुछ लोगों ने ग्राम सचिव के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी फरार है।

सीपत पुलिस के अनुसार, ग्राम कुली का सरपंच बलराम प्रसाद वस्त्रकार पिता सौखीलाल 13 जुलाई को ग्राम पंचायत भवन में मछली पालन करने तालाब का 10 साल के लिए पट्टा वितरण को लकर गांव के लोगों का बैठक ले रहे थे। इसी दौरान सरदार सिंह ने ग्राम सचिव राम सोनी के साथ गाली गलौज मारपीट की गई थी, जिसकी उन्होंने थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। रात 9 बजे उनका भांजा बृजेश वस्त्रकार को सरदास सिंह रिपोर्ट लिखाए हो कहकर गाली दे रहा था। जानकारी होने पर सरपंच अपने भाई व ग्राम सचिव राम सोनी के साथ वहां गए। उनको देखकर सरदार सिंह ठाकुर, चंद्रमणी ठाकुर उर्फ मोना, सतीश ठाकुर उर्फ सत्तू ने हाथ में पहने लोहे के पंच से ग्राम सचिव राम सोनी के साथ मारपीट करने लगे। उन लोगों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। गंभीर रूप से घायल ग्राम सचिव को निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सरपंच की रिपोर्ट पर हमलावर सरदार सिंह, चंद्रमणी ठाकुर, सतीश ठाकुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 331, 6, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी सरदार सिंह ठाकुर, चंद्रमणी ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं एक आरोपी फरार है।



### जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने जुआ खेलते 5 जुआरियों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने सूचना पर कतियापारा पीपल पेड़ के पास जुआ खेलते अकबर खान, दीपक कुशवाहा, अतर सिंह कुशवाहा, दीनू भाई, दिलीप निर्मलकर को पकड़ लिया है। उनके पास से 2 हजार 650 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### उत्कल लेट पहुंची तो निकल गई भगत की कोठी, परेशान यात्री

बिलासपुर। दोपहर की उत्कल एक्सप्रेस लेट पहुंची, तब तक स्टेशन से बिलासपुर से भगत की कोठी जाने वाली एक्सप्रेस रवाना हो गई। इसके कारण यात्री ने हंगामा मचाया। ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण यात्री काफी परेशान हो चुके हैं। सोमवार को दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर पुरी से ऋषिकेश हरिद्वार जाने वाली उत्कल एक्सप्रेस शाम 6.30 बजे के बाद बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। उत्कल एक्सप्रेस में सफर करने वाले एक दंपती को शाम 6 बजकर 20 मिनट पर बिलासपुर से भगत की कोठी की ओर जाने वाली ट्रेन में भोपाल तक जाना था।

---

# नदी के पानी में पर्याप्त ऑक्सीजन पिछले 5 महीने से ले रहे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब डिस्टलरी के पानी से नदी के प्रदूषित होने के मामले में हाईकोर्ट जनहित याचिका के रूप में सुनवाई कर रहा है। सोमवार को हुई सुनवाई में शासन की ओर से बताया गया कि पिछले 5 माह से लिए जा रहे पानी के सेम्पल में पर्याप्त ऑक्सीजन मिली है। डीबी ने इस मामले को अभी मानिटरिंग के लिए रखा है और मामले की सुनवाई अगस्त में करने कहा है।

पूर्व में शिवनाथ नदी के प्रदूषित होने को लेकर खबरों पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी। इसमें यह बात सामने आई थी कि डिस्टलरी के गंदे पानी से नदी प्रदूषित हो रही है और मछलियां मर रही हैं। इस पर हाईकोर्ट ने पर्यावरण संरक्षण मंडल को गत 3 फरवरी 2025 को आवश्यक निर्देश देकर कार्रवाई के लिए कहा। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा एक हलफनामा में बताया गया कि इस उद्योग का निरीक्षण भी क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों द्वारा 7 मार्च 2025 और 24 मार्च 2025 को किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उद्योग ने ड्रायर और आर.ओ. युक्त बहु-प्रभाव वाष्पीकरण प्रणाली स्थापित की है। उद्योग अपने अपशिष्ट जल का उपचार करता है और उसका पुनः उपयोग शीतलन, धूल नियंत्रण और वृक्षारोपण में करता है। निरीक्षण के दौरान, उद्योग शून्य उत्सर्जन की स्थिति बनाए रखते हुए पाया गया।

## खबर संक्षेप

### सहोदय स्कूल काम्पलेक्स के संजय बने अध्यक्ष

**कोरबा।** जिले के 36 सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों की संयुक्त बैठक में नई कार्यकारिणी गठन किया गया। इस अवसर पर डॉ. संजय गुप्ता, प्राचार्य इंडस पब्लिक स्कूल दीपका को अध्यक्ष चुना गया, जबकि कैलाश पवार, प्राचार्य डीपीएस बालको को संरक्षक बनाया गया। इसी प्रकार संरक्षक कैलाश पवार प्राचार्य, डीपीएस बालको, सचिव डॉ. डीके आनंद प्रबंधक सेंट ज़ेवियर्स पब्लिक स्कूल, उपाध्यक्ष श्रीमती किरण तिवारी प्राचार्या कैरियर पब्लिक स्कूल, कोषाध्यक्ष डीएस राव प्राचार्य न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल, सह-सचिव भूपेन्द्र पांडेय प्राचार्य आर्यन पब्लिक स्कूल, सह-कोषाध्यक्ष संजीव खाखा प्राचार्य सेंट पेलोटी स्कूल बनाए गए हैं। नई कार्यकारिणी का उद्देश्य शैक्षणिक समन्वय, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाना और छात्रों को नई शिक्षा पद्धति के माध्यम से नए आयामों तक पहुंचाना है। सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स में स्कूल आपसी सहयोग से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का प्रयास करते हैं। संरक्षक कैलाश पवार ने कहा हैं कि सीबीएसई सहोदय कॉम्प्लेक्स एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके दूरगामी परिणाम सकारात्मक रहे हैं। सचिव डॉ. डी.के. आनंद ने कहा कि सहोदय स्कूल परिसर का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों के बीच सहयोग बढ़ाना है। अध्यक्ष डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के माध्यम से जिले के सीबीएसई स्कूल एक साथ आकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने का प्रयास करते हैं।

### भाजपा बालको नगर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी बालको नगर मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें जय राठौर और संपत यादव को मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। कार्यकारिणी के गठन से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और उमंग देखने को मिला। घोषित पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष के रूप में संजय साहू, दिलीप प्रजापति, मनोज भार्या और रेणु प्रसाद को जिम्मेदारी दी गई। महामंत्री पद पर जय राठौर एवं संपत यादव, जबकि मंत्री पद पर भुनेश्वरी चंद्रा, मीना डहरिया, राजा शर्मा एवं माहेश्वरी गोस्वामी को नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी राकेश सोनी को सौंपी गई है।

### भू-विस्थपितों के समसयाओं के निराकरण हेतु कोयला मंत्री को लिखा पत्र

**कोरबा।** भू-विस्थपितों के समसयाओं के निराकरण हेतु सांसद प्रतिनिधि पोषक दास महंत ने कोयला मंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि कुसमुण्डा रेल्वे ओवर ब्रिज के लिए अधिग्रहित की गई ग्यारह घरो के परिवारों को बरसात में बेघर किया गया जिनके लिए नया घर बनाना बहुत जरूरी है, उन्हे तत्काल सहायता राशि दी जाए। चारों मेगा खदानों कोरबा, कुसमुण्डा, गेवरा एवं दीपका जिनका उत्पादन लगभग 160 मिलयन टन है, उनके विस्थपित घटते कम के खातेदारों को ठेका कम्पनियों में रोजगार दिया जाय ताकि वे अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। कुसमुण्डा विस्थपितों खेडरी के मूल भू-विस्थपितों को संसद में हमारी लगातार मांगो पर 209 खातेदारों को बढ़ते कम में 113 लोगों को नौकरी देना था, जिसमें 47 को नौकरी मिल चुकी है शेष नौकरी को 2 माह में पूर्ण कर ली जायेगी। इसी तरह पाली पडण्निया में 147 बढ़ते कम के खातेदारों में 92 को नौकरी दी जा चुकी है, शेष लोगो के नौकरी के लिए प्रबंधन अविलंब कार्यवाही करने सहित अन्य मांगों को लेकर कोयला मंत्री को पत्र लिखा गया है।

## निधन

### श्रीमती निर्मला शुक्ला



**कोरबा।** चांपा स्थानीय सदर बाजार चांपा निवासी बालकों से सेवानिवृत्त असिस्टेंट इंजीनियर स्वर्गीय चंद्रशेखर शुक्ला की धर्मपत्नी एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित नागरिक राजेश शुक्ला की माता श्रीमती निर्मला शुक्ला का बीते दिनों निधन हो गया है। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्रियों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम गृहग्राम चांपा में किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### इंटक नेता...

समय विभिन्न श्रमिक संगठन सदस्यता बढ़ाने के लिए जोर-शोर से कार्यक्रम कर रहे हैं। इसी कड़ी में आयोजित इस सम्मेलन में गोपाल यादव जैसे वरिष्ठ नेता का एटक में प्रवेश संगठन के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। सम्मेलन में मौजूद एटक के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नए साथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और भविष्य में श्रमिकों की आवाज को और बुलंद करने का संकल्प लिया।

## रिहायशी इलाकों की नालियों में कब्जा कर खड़ा कर लिए आवास

# बेजाकब्जा की प्रवृत्ति ने शहर में बढ़ाई जलभराव की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में हाल ही में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या बढ़ते बेजाकब्जा की देन मानी गई है। नालियों को कब्जा कर मकान बनाना या व्यवसाय खड़ा कर देना आम हो चला है।

**खास बात**

- मुख्य मार्गों में भी बारिश का भरता है पानी

जिससे मुख्यमार्गों तक बारिश का पानी भरने लगा है। शहर के पावर हाउस रोड सहित उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्यमार्गों में जलभराव की समस्या खड़ी हो रही है।

सड़क के किनारे होने वाले बेजाकब्जा के कारण पूर्व में बनी नालियों का अस्तित्व खत्म हो गया है। कई स्थानों पर नाली के उपर ही आवास और दुकाने बना लिए जाने के कारण नालियां दब गई हैं। जिनकी सफाई नहीं होने से बारिश के पानी की सही ढंग से निकासी नहीं होने के कारण जल भराव शहर की एक बड़ी समस्या बन गई है। स्लम बस्तियों में सकरी गलियां और नालियों का निर्माण नहीं होने से बारिश का पानी आम लोगों के घरों में घुस गया है। बारिश के मौसम में यह समस्या आम हो चली है। शहर के पावर हाउस रोड सहित बालको के गायत्री मंदिर रोड में भी जल भराव की समस्या पानी निकासी नहीं होने से प्रतिवर्ष खड़ी हो जाती है। पानी निकासी नहीं होने के कारण व्यवसायियों के दुकान और लोगों के घरों में पानी घुसा है। कई स्थानों में नालियों का निर्माण नहीं होने के कारण घंटों तक मुख्यमार्गों में जलभराव रहने के कारण आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।



अंबिका मंदिर रोड में भरा बारिश का पानी।

**कार्यवाही की दरकार**

सड़क किनारे नालियों के उपर बेजाकब्जा कर आवास और दुकान बनाने वाले पर कार्यवाही नहीं होने से बेजाकब्जा की प्रवृत्ति लगातार बढ़ते जा रही है। कार्यवाही नहीं होने से बढ़ते बेजाकब्जा जलभराव की समस्या खड़ी कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में नालियों के उपर कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्यवाही नहीं की जा रही है।

**बारिश में उखड़ गई सड़कें**



बारिश के कारण शहर और उपनरीय क्षेत्रों के सड़कों में बीते वर्ष की गई टायरिंग जल भराव होने से उखड़ने के कारण गढ्ढे निर्मित हो गए हैं। शहर के टीपी नगर सीएसईबी चौक मार्ग सहित बालको जाने वाले मुख्यमार्ग में भी टायरिंग की गई थी जो इस बारिश में पूरी तरह उखड़ गई है। इन सड़कों पर बने गढ्ढों में पानी भरने के कारण हादसों को आमंत्रित कर रहा है। बारिश को अभी दो माह बाकी है और ऐसे में लगातार टायरिंग उखड़ने के कारण सड़कों का खराब होने का सिलसिला जारी रहेगा। बारिश थमने से इन सड़कों से उठने वाली गिट्टी की धूल से आवागमन भी मुश्किल हो रहा है।

## माइनिंग सरदार एवं ओवरसियर को चार्ज एलाउंस का किया जाए भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूर सभा ने कंपनी स्तरीय औद्योगिक संबंध वार्ता बैठक में हुई चर्चाओं के अनुरूप माइनिंग सरदार एवं ओवरसियर को 1 घंटे का चार्ज एलाउंस देने और उसके शीघ्र भुगतान की मांग को लेकर प्रबंधन को पत्र लिखा है। महासचिव नथुलाल पांडेय द्वारा मानव संसाधन निदेशक, एसईसीएल मुख्यालय को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि 12 फरवरी 2025 एवं 12 अप्रैल 2025 को हुई कंपनी स्तरीय बैठकों में यह विषय प्रमुखता से रखा गया था। बैठक में क्षेत्रीय महाप्रबंधक को नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित भी किया गया था लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे श्रमिकों में भारी असंतोष व्याप्त है। पत्र में कहा गया है कि माइनिंग रूल्स 1955 के नियम 60 (2) के अनुसार 1 घंटे का चार्ज एलाउंस दिया जाना चाहिए और पूर्व की बैठकों में भी इस पर सहमति बनी थी। महासचिव नथुलाल पांडेय ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र आदेश जारी कर भुगतान नहीं किया गया, तो श्रमिकों में असंतोष के चलते आंदोलन की स्थिति भी बन सकती है। एच.एम.एस. ने प्रबंधन से पुनः आग्रह या है कि माइनिंग सरदार एवं ओवरसियर को मानुसार मानुसार 1 घंटे का चार्ज एलाउंस तत्काल प्रभाव से भुगतान करने हेतु आदेश जारी किया जाए।



नाथूलाल पाण्डेय

### ग्राम पंचायत छिंदपुर में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**हरदीबाजार।** विकासखंड कटघोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत छिंदपुर के पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि कृष्णानंद राठौर के द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती माँ का पूजा अर्चना कर बच्चों का तिलक लगाकर कापी, पेन, पेंसिल वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया एवं एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण किया गया जिसमें शा.मा.स्कूल विधायक प्रतिनिधि कृष्णानंद राठौर, हुलेश राठौर, सरपंच प्रताप कंवर, प्राचार्य पीआर भार्गव, हेडमास्टर प्रभारी सागर, श्री टंडन, श्री काठले, श्री कश्यप, पूर्व उपसरपंच रामसिंह राठौर, उसमेर सिंह राठौर, शैलेंद्र सिंह राठौर, नारंग, लक्ष्मीनारायण बियार, वर्षा सोनी, विमला जनार्दन, तेरस यादव, डाकेशवर श्रीवास, उमाशंकर पाटले सहित अन्य शिक्षक व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## गेवरा कालोनी में आवारा कुत्तों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दीपका नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत गेवरा कॉलोनी में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह हो गई है कि सुबह-शाम स्कूल आने-जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग तक इन कुत्तों के डर से सहमे रहते हैं। रविवार शाम को गेवरा स्थित एनसीएच कॉलोनी में एक स्कूली छात्र पर आवारा कुत्ते ने दौड़ा कर हमला कर दिया और उसे काट लिया।

घायल बच्चे को तुरंत परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। कालोनीवासियों का कहना है कि कॉलोनी सहित पूरे दीपका क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है। खासकर स्कूलों के आसपास, सड़कों और गलियों में झुंड में घूमते ये कुत्ते आम लोगों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। बच्चों में डर का माहौल है और अभिभावकों को हर समय चिंता सताती रहती है। लोगों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार बच्चे, महिलाएं और राहगीर कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं। बावजूद इसके, नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## मातृ शिशु दर कम करने स्वास्थ्य विभाग शुरु करेगा शिविर लगाने का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य हर महीने की 9 एवं 24 तारीख को गर्भवती महिलाएं जिनमें दूसरी और तीसरी तिमाही में की व्यापक एवं गुणवत्ता गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करना है तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं फालोअप करना है जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोका जा सके।

**खास बात**

- स्वास्थ्य केन्द्रों में मनाया जाता है प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस

गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शासन द्वारा पीएमएसएमए प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में माह की प्रत्येक 9 एवं 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रसवपूर्व देखभाल सेवायें प्रदान की जाती है। इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर उनके गर्भवस्था के दूसरी एवं तीसरी तिमाही की अवधि के दौरान प्रसवपूर्व देखभाल सेवायें प्रदान किया जाता है तथा हर एक गर्भवती महिला की जाँच विशेषज्ञ / चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जाता है जिससे गर्भावस्था और प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम करने में मदद मिलता है और मातृ एवं शिशुमृत्युदर को कम किया जा सकता है। कलेक्टर अजीत वसंत, मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र की प्रत्येक गर्भवती महिलाओं को पीएमएसएमए पर शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में ले जाकर जाँच कराएं। जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों से अपील की है कि अपने परिवार एवं क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को पीएमएसएमए 9 एवं 24 तारीख पर भेजकर निःशुल्क जॉच करावें जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोका जा सके।

## जर्जर सड़क से स्कूली बच्चे जान जोखिम डालकर पहुंचते हैं स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

पाली नगर से महज 2 सौ मीटर की दूरी पर स्थिति छिंदपारा रोड पर अब तक किसी की नजर नहीं पड़ी, जबकि हर दृष्टि से यह सड़क मार्ग महत्वपूर्ण है, ज्ञात हो कि यह मार्ग बिजली ऑफिस पाली से शुरू होकर अप्रैक्स स्कूल, शासकीय प्राथमिक शाला और छिंदपारा की पूरी बस्ती होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर पाली निकलती है। इस मार्ग में में स्थित दो विद्यालय है जिनमें लगभग 6 सौ स्कूली बच्चे अध्यापन करते हैं। इन्हें इसी मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है, बरसात के दिनों में तो इस मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे हो जाते है और प्रतिदिन स्कूली वाहन उस गड्ढे में फंस जाते हैं। उक्त सड़क एसईसीएल प्रभावित क्षेत्र में आता है और एसईसीएल प्रबंधन को भी इनकी जानकारी कई बार जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पत्राचार किया गया है बावजूद इसके प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है। ज्ञात हो कि जिले के सबसे बड़े आयोजन पाली महोत्सव में इसी सड़क मार्ग में वीआईपी पार्किंग बनाया जाता है। इसी मार्ग से बड़े बड़े अधिकारी कर्मचारी पाली महोत्सव स्थल तक पहुंचते हैं किन्तु 2 दिन के महोत्सव के बाद यह सड़क फिर से अपने बदहाली पर आंसु बहाता है। स्कूली बच्चों के पालक अपने बच्चों के सुरक्षा को लेकर चिंतित है, पर कर भी क्या सकते है अब देखना होगा प्रशासन इस जर्जर सड़क मार्ग की सुध लेती है या इसी हाल में छोड़ देती है।



कीचड़ भरे रास्ते से गुजरते स्कूली छात्र।

### गोविंद बने लोजपा मजदूर सभा के जिला महासचिव



**कोरबा।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष बी अरूण नायडू के निर्देशानुसार, जिलाध्यक्ष अवधराम पोर्ते के अनुशंसा पर जिला के लोजपा मजदूर सभा जिला महासचिव के पद पर गोविंद सिंह राजपूत की नियुक्ति की गई है। प्रदेश अध्यक्ष अरूण नायडू ने गोविंद सिंह राजपूत को नियुक्ति पत्र सौंपते समय आशा जताई है कि पार्टी के नियमानुसार मजदूरों के हित में संगठन को मजबूत करने एवं मजदूरों की समस्याओं का निराकरण एवं पार्टी श्रम प्रकोष्ठ में जोड़ने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के सचिव नीरज चौधरी भी उपस्थित थे।

## कल्चुरी पब्लिक स्कूल में किया गया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कल्चुरी पब्लिक स्कूल कटघोरा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चों के साथ टीचर स्टॉप ने भी भाग लिए। कल्चुरी पब्लिक स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत एक भावपूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल की प्राचार्या श्रीमती मुक्ता जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने पौधा रोपित करने में भाग लिए। इस अवसर पर छात्रों में पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान की भावना का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। प्राचार्या मुक्ता ने कहा कि स्कूल प्रांगण में पौधे लगाया किया गया जिससे सभी लोगों लाभ मिलेगा।शुद्ध आक्सीजन के अलावा फल,फूल छाया मि मिलता है।नेहा प्रजापति ने कहा कि हवा तो मिलती है परंतु इससे पर्यावरण को लाभ मिलता है।

## गुरु पूर्णिमा पर नेवता भोजन के साथ प्रवेशोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा में गुरु पूर्णिमा पर जनपद पंचायत कटघोरा के उपाध्यक्ष श्रीमती ममता दामोदर राठौर के मुख्य आतिथ्य में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान सभी नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई, जलेबी खिलाकर पुस्तक वितरण किया गया। सत्र 2024-25 के उत्कृष्ट प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड एवं पेन देकर प्रोत्साहित किया। संस्था प्रधान ब्रम्हानंद राठौर द्वारा साल भर की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं स्कूल शिक्षा विभाग की निःशुल्क योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में संकुल के नोडल प्राचार्य कैलाश बिहारी कौशिक, उपसरपंच उषा मनहर, विजय मनहर, श्रीमती संतरा यादव, जोहन कश्यप, शिक्षक महेंद्र कुमार सिंह, श्रीमती गायत्री राजवाड़े, रमाकांत मार्बल, रजनी आदिले भृत्य, पूर्णिमा, अन्नपूर्णा, श्यामा यादव, जमीला यादव, प्रेमलता, अविषेक, चंद्रप्रभा, धर्मिन बाई, शिक्षक महेन्द्र कुमार सिंह तंवर उपस्थित रहे।

***कोरबा।** राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील अजगरबहार अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 4 ग्राम माखुरपानी, पटवारी हल्का नंबर 6 ग्राम केरीझारिया, पटवारी हल्का नंबर 8 ग्राम सुर्वे, पटवारी हल्का नंबर 10 ग्राम पेंड्राडीह से प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत किसी प्रकार की दावा आपत्ति मांगी है।

### आम सूचना

मैं पुहूप राम पात्रे/ PUHUP RAM PATRE, पिता स्व. इंदल प्रसाद पात्रे, उम्र 71 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 17 मजगांव पारा मुंगेली छ.ग. 495334 उक्त पते पर स्थाई रूप से निवास करता हूं, मेरा आधार कार्ड नम्बर 457993833358 है। मेरा मूल नाम PUHUP RAM PATRE है, जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। मेरे पुत्र शशी भूषण पात्रे (SHASHI BHUSHAN PATRE) के कक्षा 10वीं के अंकसूची में मेरा नाम PHUPE RAM PATRE दर्ज है जो कि गलत है मेरा सही नाम PUHUP RAM PATRE दर्ज किया जावे एवं पढा जावे तथा PUHUP RAM PATRE एवं PHUPE RAM PATRE उक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है।

शपथकर्ता
पुहूप राम पात्रे / PUHUP RAM PATRE

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100



## खबर संक्षेप



### कुसमुंडा के शिवालयों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**कुसमुंडा।** सुबह से ही भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान हर-हर महादेव के जय करो से मंदिर प्रांगण गूंजते रहे। अलग-अलग मंदिरों में देवस्थानों पर विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की गई। शिवालयों में बड़ी संख्या में भक्तों ने शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित किया, बेलपत्र-धतूरा आदि अर्पित कर परिवार के लिए मंगल कामना की। शिवालय में विशेष रुद्राभिषेक किया जाएगा वही विकास नगर के सिद्धेश्वर मंदिर में पूजा करने आई परबजोत कौर रश्मि ने कहा कि जल दूध बेल पत्र शहद आदि अर्पित करके भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना कर सुख शांति के लिए आशीर्वाद मांगा अगर सच्चे मन से भोलेनाथ का जल अभिषेक करते हैं तो उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

### शांतिनगर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा



**हरदीबाजार।** सावन के प्रथम सोमवार को शांतिनगर हरदीबाजार में कंचन बाई राठौर की स्मृति में निर्मित शिव मंदिर में सुबह से ही बच्चों, महिला, पुरुष सभी वर्गों ने भगवान शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। भक्तों के द्वारा फूल बेल पत्र, आंक, धतूरा, दूबी, कनेर, जल, दूध, दही सहित मौसमी फल सेब, आम, केला, श्रीफल चढ़ा कर प्रणाम कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर संयोजक राजाराम राठौर ने सभी भक्तों के लिए सुखा प्रसाद का वितरण किया।

### प्यारेलाल बने कोसाबाड़ी मंडल उपाध्यक्ष



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी कोसाबाड़ी मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही प्यारेलाल साहू को उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देश और भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कोसाबाड़ी मंडल के लिए नई टीम की घोषणा की। प्यारे लाल साहू को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

### कलेक्टोरेट परिसर में नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी वाहनों पर हुई कार्रवाई



**कोरबा।** अपर कलेक्टर मनोज बंजारे ने कोरबा कलेक्टोरेट परिसर में नो-पार्किंग क्षेत्रों में खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देशों का पालन करते हुए, अपर कलेक्टर मनोज बंजारे ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर नो-पार्किंग में खड़े कई वाहनों पर लॉक लगवाने की कार्रवाई की। अपर कलेक्टर बंजारे ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में कोई भी वाहन चालक दोबारा नो-पार्किंग क्षेत्र में अपना वाहन खड़ा करता है, तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह कदम कलेक्टोरेट परिसर में पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस कार्रवाई से परिसर में अनाधिकृत पार्किंग की समस्या पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

### सड़क पर बैठे मवेशियों से किसान सहित चालक परेशान



**चैतमा।** सड़क में बैठने वाले मवेशियों से वाहन चालक से लेकर किसान तक परेशान है। चैतमा से गुजरने वाली नेशनल हाईवे एवं पुरानी सड़क पर बैठने एवं विचरण करने के कारण आए दिन एक दो जानवर वाहनों के चपेट में आने से घायल हो रहे हैं। वहीं छोटे वाहन चालक भी इनके रोड पर बैठे होने के कारण दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इन मवेशियों के कारण किसानों को अपने फसल की रखवाली हेतु रतजग्गा करना पड़ रहा है। शासन प्रशासन एवं ग्राम पंचायत को इसकी जानकारी दी गई किंतु किसी ने भी ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी। ग्रामीणों ने मांग की है जिससे फसल की भी सुरक्षा हो सके एवं वाहन चालकों को भी राहत मिल सके।

## पाली, कनकी सहित शिव मंदिरों में सुबह से लगा भक्तों का तांता

# शिवभक्तों के जयकारों से गूंज उठे अंचल के शिवालय



पाली शिव मंदिर में जलाभिषेक करने लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के शहर और ग्रामीण अंचलों के शिवमंदिरों में सावन के पहले सोमवार के अवसर पर हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। सुबह से भक्तों का तांता मंदिरों में पहुंचने लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का फूल, माला और चंदन से विशेष श्रृंगार किया। शहर के कोसाबाड़ी से लेकर उपनगरीटय क्षेत्र प्रगति नगर, एनटीपीसी के शिव मंदिर, निहारिका और बालको में मौजूद सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।

जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े दिखाई दिए और अपनी बारी का इंतजार किया। उसके बाद शिवलिंग के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का जलाभिषेक किया। भक्तों ने भोले बाबा से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। श्रद्धालु हर हर महादेव का जयकारा लगाते नजर आए। भक्तों ने भगवान शिव के विशेष श्रृंगार स्वरूप का दर्शन किया। यह श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। फूल, बेलपत्र, दूध, दही और शहद चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ का आर्शीवाद लिया।परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता दिखाई दिया। सर्वमंगला मंदिर, सर्वमंगला नगर दुरपा, कपिलेश्वर मंदिर, एमपी नगर शिव मंदिर के अलावा गेवरा, दीपका, कुसमुंडा के मंदिरों में भक्तों की भारी संख्या दिखाई दी। इसके साथ साथ बांकीमोंगरा, दर्री, बालकोनगर, उरगा सहित अन्य उपनगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों ने भगवान शिव की विशेष पूजा और अर्चना की। शिवालयों में भक्तों ने खिचड़ी, चना पूरी सहित अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों के भोग लगाए गए। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। शहरी क्षेत्र में जगह-जगह भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की भीड़ रही।

### 1200 साल पुराने पाली शिव मंदिर में उमड़ रही भीड़



सावन का महीना आते ही महादेव की भक्ति में लीन भक्तों की टोलियां शिवालयों की ओर रुख कर लेती हैं। इस पवित्र मास में विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठानों का दौर चलता है, वहीं कांवड़ यात्राएं भी निकाली जाती हैं। छत्तीसगढ़ में अनेक प्राचीन शिव मंदिर हैं लेकिन कोरबा जिले के पाली में स्थित शिव मंदिर का अपना एक विशेष महत्व है। यह मंदिर न केवल राज्य के सबसे प्राचीन शिव मंदिरों में से एक है बल्कि यहां आने वाले शिव भक्तों की आस्था भी उतनी ही अटूट है। जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पाली का शिव मंदिर करीब 1200 साल पहले, 9वीं शताब्दी में निर्मित हुआ था। इस मंदिर का गौरवशाली इतिहास भारतीय संस्कृति और यहां के राजा-महाराजाओं की विरासत का जीता-जागता प्रमाण है। सावन के महीने में राज्य भर से भक्त यहां दर्शन करने और शिवलिंग पर जल अर्पित करने आते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां आने से उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### कनकेश्वरधाम के लिए सुबह से चल पड़े श्रद्धालु

कांवड़ियों का जत्था रविवार की रात से घर से कनकेश्वर धाम और पाली मंदिर जाने के लिए निकले कांवड़िये के जत्थे ने सर्वमंगला मंदिर हसदेव तट से जल लेकर 20 किलोमीटर दूर स्थित कनकेश्वर धाम के लिए पदयात्रा शुरू की। कनकेश्वर धाम पहुंच मार्ग श्रद्धालुओं के ओम नमः शिवाय, बोल-बोम और हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजता रहा, श्रद्धालु देर रात मंदिर पहुंचे। मंदिर के पट खुलने से पहले ही शिव दरबार में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। ब्रह्म मुहूर्त में पट खुलते ही मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारे से गूंजायमान हो उठा।

### कुटेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने पहुंचे श्रद्धालु

जटगा कुटेश्वर नगोई के समीप स्थित जटाशंकर पहाड़ कुटेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने आसपास के ग्रामीण पहाड़ी की चढ़ाई कर पहुंचे। कुटेश्वर महादेव आसपास के ग्रामीण अंचलों का श्रद्धा का केंद्र है। प्रतिवर्ष सावन के महीने में जटगा कटघोरा, गुरसियां और पसान क्षेत्र से लोग कुटेश्वर महादेव का जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। पहाड़ पर स्थित होने के कारण जटाशंकरी महादेव के नाम से भी जाना जाता है।

### कनकेश्वर जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा की पुलिस ने, सावन भर होगा ऐसा काम



पुलिस ने सर्वमंगला चौक में कनकेश्वर मंदिर जाने वाले बोल बम श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की। पुलिस ने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्वक एक रास्ते से जाने का निवेदन किया और उन्हें चाय का वितरण किया। इसके अलावा, पुलिस ने नशा और हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से पूरी हो सके। पुलिस ने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्वक एक रास्ते से जाने का निवेदन किया ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। पुलिस ने श्रद्धालुओं के लिए चाय का वितरण किया, जिससे उन्हें राहत मिल सके। पुलिस ने नशा और हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हो सके। पुलिस की मौजूदगी ने श्रद्धालुओं को सुरक्षा का एहसास कराया और उन्हें अपनी यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से पूरी करने में मदद की। पुलिस की व्यवस्था ने श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा और वे शांतिपूर्वक अपनी यात्रा पूरी कर सके।

# विद्युत कालोनी की तीसरी आंख से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के सीएसईबी कोरबा पूर्व के एबी और सीडी टाइप विभागीय कालोनी में अब तीसरी आंख से निगरानी की तैयारी की जा रही है। अधिकारी और कर्मचारियों के दोनों कालोनियों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे। इसे लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा सर्वे का काम किया गया है। प्रबंधन की ओर से प्रपोजल की प्रक्रिया चल रही है।

विद्युत कंपनी के कोरबा पूर्व संयंत्र के एबी टाइप कालोनी में अधिकारियों के आवास बने हुए हैं। सीडी टाइप में विद्युत कर्मी व उनके परिजन निवास करते हैं। संयंत्र प्रबंधन द्वारा दोनों कालोनियों की सुरक्षा को लेकर समय-समय पर कदम उठाए जाते रहे हैं। कालोनी की बाउंड्रीवाल भी बनाई गई है। ताकि बाहरी लोगों का अनाधिकृत प्रवेश कालोनी में न हो सके। हालाकि सीडी टाइप कालोनी में कई स्थानों में इसे जरूर तोड़ दिया गया है। अब दोनों कालोनियों में सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जाएगी। इसके लिए विभागीय अधिकारियों की टीम ने गत दिनों दोनों कालोनियों का सर्वे किया था। किन-किन स्थानों पर कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि चारों ओर से निगरानी हो सके इसका चिहांकन किया गया है। सर्वे टीम में सिविल और सुरक्षा विभाग के अधिकारी शामिल थे। कालोनी में कितने कैमरों की जरूरत होगी यह अंदाजा भी लगाया गया है। इसके आधार पर प्रपोजल बनाकर कंपनी प्रबंधन को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद कालोनियों में कैमरे लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

**खास बातें**

- अधिकारियों और कर्मचारियों की कालोनी में लगेंगे सीसीटीवी कैमरा
- कालोनी की सुरक्षा को लेकर उठाया जा रहा कदम, विभागीय अधिकारियों ने किया सर्वे



फाइल फोटो

### डीएसपीएम प्लांट में होगा कंट्रोल रूम

बताया जा रहा है कि दोनों कालोनियों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के बाद निगरानी शुरू कर दी जाएगी। सभी कैमरों की निगरानी के लिए डीएसपीएम प्लांट में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। कंट्रोल रूम में 24 घंटे कालोनी की निगरानी होगी। अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश व चोरी सहित अन्य घटनाओं की भी निगरानी में मदद मिलेगी। संयंत्र के अधिकारी-कर्मचारी भी प्रबंधन की इस पहल को सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक बता रहे हैं।

**चल रही प्रक्रिया**

विभागीय कालोनियों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा लगाया जाना है। इसके प्रपोजल की प्रक्रिया चल रही है।

-संजीव कंसल, मुख्य अभियंता डीएसपीएम

# मानदेय शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएमएफ से प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के लिए की जा रही मानदेय शिक्षकों की भर्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में कितने पदों पर भर्ती होगी इसकी जानकारी दी गई है। वहीं किस ब्लॉक में कितने स्कूल में कितने पद रिक्त हैं इसकी जानकारी स्कूल के प्रधानपाठक और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दी गई है। आम शिक्षित बेरोजगारों तक सार्वजनिक जानकारी नहीं होने पर वह अनभिज्ञ बने हुए हैं।

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद मानदेय शिक्षकों की भर्ती शुरु हुई है। जिसको लेकर विभाग के द्वारा मीडिया में कितने पदों पर भर्ती किया जाना है इसकी क्या शर्ते है, आवेदन कब तक कहां जमा किया जाना है यह जानकारी सार्वजनिक नहीं किए जाने से शिक्षित बेरोजगार अनभिज्ञ बने हुए हैं। हालांकि विभाग स्कूल के प्रधानपाठक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को यह जानकारी भेजी गई है। इसके अलावा सोशल मीडिया में विभागीय कर्मचारियों के अपने अपने करीबी लोगों को भेज दिए गए। मीडिया में पदों का विवरण नहीं सामने आने से अधिकांश बेरोजगारों को इस प्रक्रिया को लेकर ही अनभिज्ञता बनी हुई है। विभाग में जाकर जानकारी लेने पर ही पूरी स्थिति सामने आ रही है। नियम और शर्तों को विभाग में जाकर ही पता किया जा रहा है जबकि यह भी जानकारी सावर्जनिक होनी चाहिए थी। वहीं इन पदों पर भर्ती के लिए डीएमएफ से बड़ी राशि जारी हो रही है ऐसे में पदों का विवरण सहित आवेदन जमा करने के स्थानों की जानकारी समाचार पत्रों में सार्वजनिक किया जाना चाहिए था।

**खास बातें**

- प्रायमरी और माध्यमिक शाला के लिए हो रही भर्ती
- किस ब्लाक में कितने स्कूलों में पद रिक्त जानकारी नहीं की गई सार्वजनिक

# जांजगीर नगर में हुआ सोलर पैनल का इंस्टॉलेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर के शिवराम आशीर्वाद कालोनी में हेमंत राठौर के निवास में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से पांच किलोवॉट, सतविंदर सिंह भाटिया शारदा चौक के ट्रैक्टर एजेंसी में दस किलो वाट कमर्शियल सोलर पैनल शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा इंस्टॉल किया गया। दिनोदिन सोलर ऊर्जा के प्रति जागरूकता और उत्सुकता बढ़ रही है।

सोलर से बिजली उत्पादन केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण कार्य योजना है। सोलर से बिजली उत्पादन में बढ़ोत्तरी से ताप विद्युत संयंत्रों पर निर्भरता घटेगी जिससे ताप संयंत्रों से उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाइ ऑक्साइड में कमी आएगी पर्यावरण शुद्ध होगा। इस योजना को प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र सरकार पहले ही तीन किलोवॉट के सोलर पैनल इंस्टॉल करने के लिए 78 हजार की सब्सिडी ग्राहकों को दे रही थी। वर्तमान में राज्य सरकार ने भी 25 अप्रैल से सिंक्रोनाइज हुए पैनल पर 30 हजार सब्सिडी का आदेश जारी किया है, जिससे सोलर पैनल स्थापित कराने वाले ग्राहकों को दोहरा लाभ मिल रहा है।

# नगर में सावन के पहले सोमवार को खीर पूड़ी प्रसाद वितरण किया

**देवरी-सारागांव।** सावन माह के पहले सोमवार 14 जुलाई को नगर पंचायत सारागांव में जिला सहकारी बैंक के पास शिव भक्तों द्वारा खीर, पूड़ी का प्रसाद



वितरण किया गया। सुबह से ही शिव भक्त प्रसाद बनाने और व्यवस्था में जुटे रहे। राहगीर, दुकानदार व स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद पाकर भगवान शिव का स्मरण किया और भक्तों को धन्यवाद दिया। भक्तों ने बताया कि सावन महीने के पहला सोमवार को प्रसाद भंडारा कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। सावन माह में यह सेवा कार्य जारी रहेगा।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## पहली बार डीएमएफ से 52 करोड़ से अधिक राशि से 481 नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मिली स्वीकृति

# बाल शिक्षा और पोषण के क्षेत्र में सुधार लाने जिला प्रशासन की बड़ी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बाल शिक्षा और पोषण के क्षेत्र में ठोस सुधार लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास मद (डीएमएफ) का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा बड़ी पहल करते हुए जिले के सुदूर और दुर्गम, पहुँचविहीन क्षेत्रों में 481 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिए 52 करोड़ से अधिक राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पहल जिला प्रशासन की दूरदर्शिता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जिले में पहली बार डीएमएफ से 52 करोड़ 68 लाख 65 हजार की लागत से सभी विकासखंडों में कुल 481 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की मंजूरी दी गई है, इससे जिले में शिशु शिक्षा, पोषण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को निश्चित ही नया आयाम मिलेगा। इस स्वीकृति के तहत कोरबा विकासखंड में 6 करोड़ 39 लाख 88 हजार की लागत से 56 नए आंगनबाड़ी भवन निर्मित किए जाएंगे। इसी प्रकार करतला विकासखंड में 8 करोड़ 63 लाख 85 हजार की लागत से 78 आंगनबाड़ी भवन, कटघोरा में 7 करोड़ 56 लाख 16 हजार की लागत से 65 आंगनबाड़ी भवन, विकासखंड पाली में 10 करोड़ 17 लाख 6 हजार की लागत से 93 आंगनबाड़ी भवन एवं पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड में 19 करोड़ 91 लाख 70 हजार की लागत से 189 आंगनबाड़ी भवन निर्माण किए जाएंगे। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में भी शिशु शिक्षा को संबल प्रदान करने हेतु जिला खनिज न्यास निधि से जिले के नगरीय क्षेत्र के विभिन्न जोन के अनेक वार्डो में कुल 96 नवीन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण हेतु 12 करोड़ 40 लाख की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। जिसमें नगर पालिका निगम कोरबा के विभिन्न जोन अंतर्गत 88 नए आंगनबाड़ी भवन एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के विभिन्न वार्डो में 8 नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य शामिल है। कलेक्टर द्वारा आज जिले के दूरस्थ क्षेत्रो, वनांचलों में बाल शिक्षा को मजबूती प्रदान करते हुए 52 करोड़ से अधिक राशि से 481 नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति दी है। आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण से प्रारंभिक बाल विकास, पोषण सुधार और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नया बल मिलेगा। डीएमएफ राशि का यह सुनियोजित उपयोग जिले में शिशु शिक्षा और पोषण व्यवस्था को एक नई दिशा देगा।

